दिनांकः 21.04.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- पचपदरा रिफाइनरी में लगी आग की उच्च स्तरीय जांच शुरू–मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया।
- **मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि** की छठी किश्त कल जारी होगी–करीब साढे 66 लाख किसानों को 665 करोड़ रूपये से अधिक की राशि डीबीटी की जाएगी।
- राज्य में सौर ऊर्जा के प्रति बिजली उपभोक्ताओं का रूझान बढ़ा–अब तक लगभग ढाई लाख रूफ टॉप संयंत्र लगाये जा चुके हैं।
  और
- प्रदेश में अगले दो दिन जोधपुर संभाग में धूलभरी आंधी चलने के आसार–वहीं 23 अप्रैल से कहीं–कहीं लू की संभावना।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एचपीसीएल रिफाइनरी की क्रूड डिस्टिलेशन युनिट में लगी आग के मामले की समीक्षा करने आज पचपदरा पहुंचे। उन्होंने रिफाइनरी में घटना स्थल का जायजा लिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं इसके लिए समिति का गठन किया गया है। करीब 80 हजार करोड़ रूपये की लागत से तैयार हुई इस महत्वपूर्ण रिफाइनरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज राष्ट्र को समर्पित करने वाले थे किन्तु रिफाइनरी की सी.डी.यू. में लगी भीषण आग के बाद उद्घाटन कार्यक्रम रद्द कर दिया गया। कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने आज पचपदरा में प्रेसवार्ता में कहा कि घटना की गहन जांच की जा रही है। उन्होंने एचपीसीएल की आग पर काबू पाने की त्वरित कार्यवाही की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने अग्निशमन कार्मिकों से भी बातचीत की।

..................

जिला प्रभारी मंत्री केके बिश्नोई ने कहा कि रिफाइनरी का लोकापर्ण जल्द होगा। प्रधानमंत्री की अगुवाई में उद्घाटन की अगली तारीख तय की जाएगी।

000

मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि की छठी किश्त जारी करने का राज्य स्तरीय कार्यक्रम कल जोधपुर में आयोजित किया जाएगा। ओसियां के मडियाई खुर्द गांव में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री शर्मा 66 लाख 56 हजार किसानों को 665 करोड़ रूपये से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में हस्तान्तरित करेंगे।

इस योजना के तहत अब तक पांच किस्तों में कुल 2 हजार 726 करोड़ रुपये से अधिक किसानों को डीबीटी किये जा चुके हैं। गौरतलब है कि राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अतिरिक्त इसे लागू किया है, जिसमें किसानों को 3 हजार रूपये सालाना की अतिरिक्त सहायता दी जा रही है। इस प्रकार प्रदेश के किसानों को कुल 9 हजार रुपये प्रतिवर्ष की सम्मान निधि प्राप्त हो रही है।

000

कोटा के लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र को आज लगभग 85 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सौगात मिली है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इन परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि कोटा और समूचे हाडौती क्षेत्र को विकास के हर मानक पर अग्रणी बनाना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कृषि और आवासीय कॉलोनियों में भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

000

अमरीका और ईरान के बीच सीजफायर की अवधि कल शाम समाप्त हो रही है। दोनों पक्षों के बीच नए सिरे से बातचीत की संभावना और होर्मुज जलडमरूमध्य के भविष्य पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। अमरीका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने संघर्ष विराम के विस्तार को असंभव बताया है। उन्होंने कहा कि कोई समझौता नहीं हुआ तो संघर्षविराम के बाद हमले फिर से शुरू हो जाएंगे। अमरीकी सूत्रों के अनुसार, पहले दौर में वार्ता का नेतृत्व करने वाले उपराष्ट्रपति जेडी वैंस बातचीत के लिए आज इस्लामाबाद जाएंगें। हालांकि, ईरान की ओर से मिलेजुले संकेत मिल रहे हैं। ईरान की ओर से सोमवार रात सर्वोच्च नेता के अमरीका के साथ बातचीत करने को सहमति मिली है, हालांकि अधिकारियों ने अभी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत में इस्लामाबाद में हुई पहले दौर की वार्ता में कोई सफलता नहीं मिली थी।

000

केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 860 रुपये के अनुबंध शुल्क पर 7 लाख रुपये का ऋण देने का दावा करने वाले फर्जी स्वीकृति पत्र का खंडन किया है। पत्र सूचना कार्यालय—पीआईबी की तथ्य जांच ईकाई ने इस पत्र को फर्जी बताया है। कार्यालय ने स्पष्ट किया कि सूक्ष्म इकाई विकास और पुनर्वित्त एजेंसी मुद्रा सूक्ष्म उद्यमियों और व्यक्तियों को सीधे ऋण नहीं देती है।

000

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में आज से सारस गणना शुरू हुई। वन विभाग और घना केवलादेव नेचुरल सोसायटी की ओर से की जा रही इस गिनती के लिए 17 जोन निर्धारित किये गये हैं। गणना करने वालों में उद्यान के अधिकारियों और कर्मचारियों के अलावा गाइड, प्रकृति प्रेमियों और उद्यान रिक्शा चालकों को शामिल किया गया है। गणना कार्य की शुरूआत से पहले उद्यान में सारस के अस्तित्व और पानी संकट पर संगोष्ठी भी रखी गई।

000

राष्ट्रीय जनसम्पर्क दिवस के मौके पर आज ब्यावर में करियर मार्गदर्शन सत्र रखा गया। इस दौरान सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से विद्यार्थियों को सरकारी और कारपोरेट क्षेत्र के जनसम्पर्क अभियानों की जानकारी दी गई और रोजगार के अवसरों के बारे में बताया गया। उधर भरतपुर में इस मौके पर संगोष्ठी रखी गई। **जनसम्पर्क—लोकतंत्र और समाज के बीच सेतु** विषय पर हुई संगोष्ठी में पत्रकारों और बुद्धिजीवियों ने हिस्सा लिया।

0000

भारतीय वायुसेना की ओर से डूंगरपुर में करियर जागरूकता कार्यक्रम हुआ। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में हुए इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को वायु सेना भर्ती प्रकिया, परीक्षा पैटर्न और परीक्षा प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया गया। साथ ही अग्नि वीर और अन्य पदों से संबंधित जानकारी दी गई। वहीं कोटपूतली–बहरोड़ में राजस्थान फिनिशिंग स्कूल की शुरूआत हुई। इसके तहत राजकीय लाल बहादुर शास्त्री पीजी कॉलेज में युवाओं को संवाद कौशल, व्यक्तित्व विकास और इन्टरव्यू तैयारी का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

000

राज्य में सौर ऊर्जा के प्रति बिजली उपभोक्ताओं का रूझान तेजी से बढ रहा है। प्रदेश में अब तक घरेलू और औद्योगिक श्रेणी में 2 लाख 45 हजार से ज्यादा रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जा चुके हैं। इससे करीब एक लाख 43 हजार उपभोक्ताओं का बिजली बिल शून्य हो गया है। कुल रूफ टॉप सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने के मामले में राजस्थान देश में तीसरे स्थान पर है। वहीं पीएम सूर्य घर योजना में अब तक 686 मेघावाट क्षमता के 1 लाख 77 हजार से ज्यादा रूफ टॉप संयंत्र तैयार किये जा चुके हैं। रोजाना करीब 675 से 700 नये उपभोक्ता सौर ऊर्जा से जुड़ रहे हैं। जयुपर–जोधपुर और अजमेर विद्युत वितरण निगमों ने सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से जुड़ी प्रक्रियाओं का आसान बनाया है। इसके तहत कार्मिकों को प्रोत्साहित करने के लिए रूप टॉप सौर चैम्पियन अवार्ड भी शुरू किया गया है।

000

प्रदेश में कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में कृषि प्रशिक्षण शिविर आयोजित होगें। कृषि आयुक्त नरेश गोयल ने बताया कि इस प्रशिक्षण में लघु सीमांत, अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाओं के साथ–साथ स्वयं सहायता समूहों की महिला किसानों को प्राथमिकता दी जाएगी। कृषि आयुक्त ने बताया कि इस ट्रेनिंग में नई कृषि तकनीकों की जानकारी से लेकर उत्पादन बढोतरी के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में 11 हजार से अधिक महिला प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे गये। इनके माध्यम से तीन लाख 30 हजार से ज्यादा महिला किसानों को लाभान्वित किया गया।

000

आइए अब जानते हैं मौसम का हाल–

राज्य के अधिकतर हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री के बीच दर्ज हो रहा है, जो कि सामान्य से 2–3 डिग्री ऊपर हैं। मौसम विभाग के अनुसार कल से तापमान में 1 से 2 डिग्री और बढ़ोतरी होने की संभावना है। वहीं 23 अप्रैल से कहीं–कहीं लू की संभावना है। उधर अगले दो दिनों तक जोधपुर संभाग और आस–पास के क्षेत्रों में धूलभरी आंधी चलने के आसार है। इस बीच आज चित्तौडगढ़, बाडमेर, चूरू सहित कई स्थानों पर भीषण गर्मी का असर रहा और पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगे।

000